**2022**

# HINDI

( Regular Elective )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

Answer from *either* Option—A *or* Option—B *or* Option—C

OPTION—A

Paper : HIN–RE–5016

**( लोक-साहित्य )**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) भारत में लोकगीतों का बीज किस प्राचीन ग्रंथ में पाया जाता है?

(ख) नारायण पंडित द्वारा रचित लोककथा संबंधी संकलन का नाम क्या है?

(ग) 'फोकलोर' का हिन्दी समानार्थक शब्द क्या है?

(घ) 'लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया' नामक ग्रंथ के लेखक कौन हैं?

(ङ) 'कथा-सरित्सागर' के रचयिता कौन हैं?

(च) संस्कार-संबंधी किसी एक गीत का उल्लेख कीजिए।

(छ) लोककथा के किसी एक भेद का नाम लिखिए।

(ज) 'रामलीला' की कोई एक विशेषता लिखिए।

(झ) पुत्र-जन्म के अवसर पर गाये जाने वाले गीतों को क्या कहते हैं?

(ञ) 'रोपनी के गीत' कब गाये जाते हैं?

(ट) 'विदेसिया' लोकनाट्य का संबंध मुख्य रूप से भारत के किस प्रांत से है?

(ठ) 'नाट्य शास्त्र' के लेखक कौन हैं?

(ड) 'भवाई' कहाँ का प्रसिद्ध लोकनाट्य है?

(ढ) भारत के किन राज्यों में पर्दे की बड़ी कठोर प्रथा प्रचलित है?

(ण) डॉ० सुनीतिकुमार चटर्जी ने 'फोकलोर' के लिए कौन-सा शब्द प्रयुक्त करने का सुझाव दिया है?

(त) छठी माता का व्रत कब किया जाता है?

(थ) पावस ऋतु में जो गीत गाये जाते हैं उन्हें क्या कहते हैं?

(द) मैथिली में होली गीतों को क्या कहते हैं?





2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) ऋतु-संबंधी गीतों में से किन्हीं दो का नामोल्लेख कीजिए।

(ख) लोकगीतों के गायन में प्रयुक्त होने वाले किन्हीं दो वाद्य-यंत्रों के नाम लिखिए।

(ग) 'कजली' का वर्ण्य-विषय क्या है?

(घ) 'नामकथा' की विषय-वस्तु क्या है?

(ङ) सोफिया बर्न ने फोकलोर के विषय को कितनी श्रेणियों में विभक्त किया है? किन्हीं दो श्रेणियों का नाम उल्लेख कीजिए।

(च) लोक-साहित्य-संग्रहकर्ता के द्वारा प्रयुक्त उपादानों में से किन्हीं दो बाह्य साधनों के नाम लिखिए।

(छ) लोक-साहित्य का सामान्य परिचय दीजिए।

(ज) लोक-कथा की एक परिभाषा दीजिए।

(झ) लोक-साहित्य को प्रधानतः कितने भागों में विभक्त कर सकते हैं? उनके नाम लिखिए।

(ञ) डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय ने लोक-साहित्य को किन-किन श्रेणियों में विभक्त किया है? नाम लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) लोक-संस्कृति से आप क्या समझते हैं? एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) साहित्य और लोक का अंतर्सम्बन्ध स्पष्ट कीजिए।

(ग) लोक-संस्कृति और लोक-साहित्य में विद्यमान अंतर को लिखिए।

(घ) रामलीला का परिचय दीजिए।

(ङ) रासलीला के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(च) संस्कार गीत का परिचय दीजिए।

(छ) 'यक्षगान' लोक-नाट्य का परिचय दीजिए।

(ज) 'होली' का वर्ण्य-विषय क्या है?

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : $10 \times 4 = 40$

(क) लोक-साहित्य के अध्ययन की समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) लोक-साहित्य को परिभाषित करते हुए उसके अध्ययन का क्षेत्र निर्धारित कीजिए।

(ग) "लोक-साहित्य लोक-संस्कृति का दर्पण है।" सिद्ध कीजिए।

(घ) लोकगीत का क्या तात्पर्य है? अर्थ एवं परिभाषा के संदर्भ में उसके तत्त्वों का निर्धारण कीजिए।

(ङ) ऋतु संबंधी गीतों का विस्तृत विवेचन कीजिए।

(च) लोक नाटकों की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(छ) लोक-नाट्य के रंगमंच के स्वरूप एवं उसके उपादानों पर प्रकाश डालिए।





(ज) लोक-साहित्य के प्रमुख रूपों के वर्गीकरण को स्पष्ट कीजिए।

(झ) हिन्दी लोक-नाट्य की परम्परा पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

(ञ) 'हिन्दी नाटक एवं रंगमंच पर लोक-नाट्य का प्रभाव' शीर्षक विषय पर प्रकाश डालिए।

OPTION—B

Paper : HIN-RE-5026

( हिन्दी की राष्ट्रीय काव्यधारा )

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का निधन किस ईस्वी को हुआ था?

(ख) 'वीरों का कैसा हो वसन्त?' शीर्षक कविता में हिमाचल का उल्लेख क्यों हुआ है?

(ग) माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म किस जनपद में हुआ था?

(घ) कौन अवकाश को बुरा कहते थे?

(ङ) स्वदेश को किस प्रकार के युवक-वीर की तरह आने के लिए कहा गया है?

(च) 'आ गए ऋतुराज' नामक कविता के कवि कौन हैं?

(छ) रामधारी सिंह का जन्म किस ईस्वी को हुआ था?

(ज) 'झाँसी की रानी' शीर्षक कविता में किस समय के युद्ध का वर्णन है?

(झ) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

"गुमी हुई _____ की कीमत सबने पहचानी थी।"

(ञ) 'भारत का यह रेशमी नगर' शीर्षक कविता में कवि ने कौन-से नगर की बात की है?

(ट) 'मनुष्यता' कविता में कौन-सी पंक्ति बार-बार आयी है?





(ठ) "वृद्ध भारतवर्ष ही संसार का सिरमौर है।" यह पंक्ति किस कविता से ली गयी है?

(ड) लक्ष्मीबाई किसकी मुँह-बोली 'छबीली' बहन थी?

(ढ) "चूड़ियाँ बहुत हुईं _____ पर
प्यारे; भुज-दंड सजा दो,"

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(ण) 'स्वदेश के प्रति' शीर्षक कविता की रचयिता कौन हैं?

(त) "भूषण अथवा कवि चन्द नहीं।" यह पंक्ति किस कविता की है?

(थ) 'साकेत' किस कवि की रचना है?

(द) कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान ने कहाँ शिक्षा प्राप्त की थी?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) 'मनुष्यता' शीर्षक कविता में सु-मृत्यु के बारे में क्या कहा गया है?

(ख) माखनलाल चतुर्वेदी के काव्य की कोई दो भावपक्षीय विशेषताएँ लिखिए।

(ग) राष्ट्रीय काव्यधारा के किन्हीं दो प्रमुख कवियों के नाम बताइए।

(घ) कवयित्री के अनुसार वीर वसंत कैसे मनाते हैं?

(ङ) "हम दूसरों के दुःख को थे दुःख अपना मानते,"
प्रस्तुत काव्य-पंक्ति का आशय बताइए।

(च) 'भारत की श्रेष्ठता' कविता में कवि ने क्या संदेश दिया है?

(छ) भारत ने संसार को किन विषयों का ज्ञान दिया था?

(ज) रामधारी सिंह 'दिनकर' की किन्हीं दो काव्य-कृतियों के नाम लिखिए।

(झ) 'स्वदेश के प्रति' शीर्षक कविता का संदेश क्या है?

(ञ) 'मनुष्यता' शीर्षक कविता में दधीचि का प्रसंग किसलिए आया है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'हमारी सभ्यता' शीर्षक कविता का मूल प्रतिपाद्य क्या है?

(ख) "अखंड आत्म भाव जो असीम विश्व में भरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।"
—आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) "भारती की वेणि में गूँथा हुआ कश्मीर,
कर रहा है विश्व के संदेह सौ-सौ दूर।"
—प्रस्तुत काव्य पंक्तियों का भावार्थ बताइए।

(घ) 'झाँसी की रानी' शीर्षक कविता के आधार पर लक्ष्मीबाई के जीवन के प्रारंभिक वर्षों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।





(ङ) 'आ गए ऋतुराज' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(च) 'सिपाही' कविता का मूल भाव लिखिए।

(छ) 'जनतंत्र का जन्म' कविता के आधार पर बताइए कि लोकतांत्रिक देश में जनता का जागरूक होना क्यों आवश्यक है।

(ज) मैथिलीशरण गुप्त की कविताओं की किन्हीं दो कलापक्षीय विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×2=20

(क) 'मनुष्य मात्र बंधु है' यही बड़ा विवेक है;
पुराणपुरुष स्वयम्भू पिता प्रसिद्ध एक है।
फलानुसार कर्म के अवश्य बाह्य भेद हैं;
परन्तु अंतरैक्य में प्रमाणभूत वेद हैं।

(ख) "फूल से कलियाँ उगाये हैं खिलन की होड़,
हँस रहे हैं प्रकृति-मालिनि के सहस्रों मोड़,
रंग पर मधु-गंध की छवि छा रही अनमोल,
तरु लतायों झूल पंछी बोलते हैं बोल।"

(ग) वेतनभोगिनी, विलासमयी यह देवपुरी
ऊँघती कल्पनाओं से जिसका नाता है,
जिसको इतनी चिन्ता का भी अवकाश नहीं
खाते हैं जो वह अन्न कौन उपजाता है।

(घ) "हल्दी-घाटी के शिला-खंड,
ऐ दुर्ग! सिंह-गढ़ के प्रचंड,
राणा-नाना का कर घमंड,
दो जगा आज स्मृतियाँ ज्वलंत,
वीरों का कैसा हो वसंत?"

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) पठित कविताओं के आधार पर मैथिलीशरण गुप्त की कविताओं के राष्ट्रीय स्वर को रेखांकित कीजिए।

(ख) माखनलाल चतुर्वेदी की कविता 'सिपाहिनी' में अभिव्यक्त राष्ट्रीय भावना पर प्रकाश डालिए।

(ग) रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों के विरुद्ध कैसे लड़ाई की थी —उसका वर्णन कीजिए।

(घ) सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता 'वीरों का कैसा हो वसंत?' की विषय-वस्तु पर चर्चा कीजिए।

(ङ) कवि दिनकर की राष्ट्रीय चेतना के विविध आयामों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(च) 'अवकाशवाली सभ्यता' शीर्षक कविता के प्रतिपाद्य को स्पष्ट कीजिए।





OPTION—C

Paper : HIN–RE–5036

**( पूर्वोत्तर भारत में हिन्दी )**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?

(ख) असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रारंभिक परीक्षा का नाम क्या है?

(ग) भुवन चंद्र गगै द्वारा स्थापित 'असम पॉलिटेकनिक इंस्टिट्यूशन' में 'मार्च-पास' के निर्देश किस भाषा में दिये जाते थे?

(घ) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

"एक _____ हो भारत जननी।"

(ङ) किस तिथि को असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी की स्थापना हुई थी?

(च) केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा का नागालैण्ड वाला शाखा-केन्द्र किस शहर में स्थित है?

(छ) 'राष्ट्रसेवक' पत्रिका में किन भाषाओं में रचित रचनाएँ छपती हैं?

(ज) असम में हिन्दी का प्रचार-प्रसार करने वाली किस संस्था का मुख्य कार्यालय जोरहाट में स्थित है?

(झ) गाँधीजी के निर्देशानुसार बाबा राघवदास ने उत्तर प्रदेश स्थित किस आश्रम से असम-सहित पूर्वांचल में हिन्दी प्रचार-कार्य का संचालन किया था?

(ञ) सन् 1938 में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा की ओर से प्रादेशिक संचालक नियुक्त होकर कौन असम आये थे?

(ट) श्रीमंत शंकरदेव द्वारा प्रयुक्त ब्रजावली भाषा में असमीया के साथ हिन्दी की किन बोलियों का मिश्रण बताया जाता है?

(ठ) 'राह और रोड़े' उपन्यास के रचयिता छगनलाल जैन का देहावसान किस तिथि को हुआ था?

(ड) 'राह और रोड़े' नामक उपन्यास कब लिखा गया था?

(ढ) "देखते-देखते वहाँ हजारों की भीड़ जमा हो गई।" यह पंक्ति 'राह और रोड़े' उपन्यास के किस परिच्छेद में आयी है?

(ण) कमलदेव नारायण असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के किस पद पर आसीन थे?

(त) जीवन वर्धा में कितने साल रहा?

(थ) साहित्यिक विधा की दृष्टि से 'भिण्डी के फूल' क्या है?

(द) खिली हुई जुही की कली के प्रति भौंरों की प्रतिक्रिया कैसी थी?





**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) असम में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के संदर्भ में जोरहाट निवासी यज्ञराम खारघरीया की चर्चा क्यों की जाती है?

(ख) मिज़ोरम में हिन्दी प्रचार के संदर्भ में चित्र महंत की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(ग) केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, शिलांग शाखा-केन्द्र की किन्हीं दो प्रमुख गतिविधियों का उल्लेख कीजिए।

(घ) मणिपुर में हिन्दी प्रचार के संदर्भ में डॉ० राधागोविन्द थोंगाम 'कविराज' के योगदान का उल्लेख कीजिए।

(ङ) श्री नारायण भाई के नाटक का नाम क्या है? उस नाटक की किसी एक प्रमुख विशेषता (उद्देश्यगत) का उल्लेख कीजिए।

(च) "बेटा, पहुँचते ही तार कर देना।" किसने कब ऐसा कहा था?

(छ) रामधनी की किन्हीं दो चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ज) जुही की कली ने भिण्डी के फूल की ओर क्यों तिरस्कार भाव से देखा था?

(झ) उपवन के कोने में खड़े भिण्डी के पौधे में क्या विकास हुआ?

(ञ) भिण्डी के सूखे फूल ने जुही की कली से क्या-क्या कहा?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) महात्मा गाँधी से असमवासियों को हिन्दी सीखने की प्रेरणा कैसे मिली थी?

(ख) हिन्दी के प्रचार में असम राष्ट्रभाषा सेवक संघ की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ग) त्रिपुरा में हिन्दी के प्रचार-प्रसार की सामान्य जानकारी प्रस्तुत कीजिए।

(घ) नागालैण्ड में हिन्दी की स्थिति पर प्रकाश डालिए।

(ङ) हिन्दी में प्रकाशित 'सेंटीनल' अखबार की भूमिका पर चर्चा कीजिए।

(च) राधा देवी की चारित्रिक विशेषताओं का खुलासा कीजिए।

(छ) "वह कहा करता था कि लंबा विद्यार्थी-जीवन सौभाग्य से ही मिलता है। उसका बस चले तो वह कभी इसे छोड़े ही नहीं।" इस अवतरण के संदर्भ एवं आशय स्पष्ट कीजिए।

(ज) पाठ के आधार पर जुही की कली और भिण्डी के फूल के प्रतीकार्थ बताइए।

**4.** निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

"किन्तु ईश्वर के दरबार में न सही, उनकी इस दुनिया में तो ऐसे रंगे सियारों की पोल अक्सर चल ही जाती है। यहाँ भले-बुरे की पहचान कम होती है—मुश्किल से होती है।"





**अथवा**

"हिन्दी सीखने के बाद तुम दुनिया की कोई भी भाषा पढ़ो, हमें आपत्ति नहीं। पर राष्ट्रभाषा का बहिष्कार करके विदेशी भाषा पढ़ना अभारतीयता है, अराष्ट्रीयता है।"

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) असम में हिन्दी के प्रचार-प्रसार में असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ख) पूर्वोत्तर की भाषा-साहित्य-संस्कृति को हिन्दी के जरिए भारतीय मंच पर लाने में 'समन्वय पूर्वोत्तर' पत्रिका को कहाँ तक सफलता मिली है? सटीक उत्तर दीजिए।

(ग) 'अरुणाचल प्रदेश में हिन्दी की दिशा एवं दशा' विषय पर एक निबंध लिखिए।

(घ) लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै की हिन्दी सेवा पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

(ङ) पूर्वोत्तर की सम्पर्क भाषा के रूप में हिन्दी की भूमिका को रेखांकित कीजिए।

(च) नामकरण की सार्थकता की दृष्टि से 'राह और रोड़े' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

(छ) जीवन का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ज) 'राह और रोड़े' के औपन्यासिक शिल्प की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

★★★